nandgaon times    april-04-2.qxd    4/4/2024    12:01 AM    Page 1

अनिष्ट फलप्रद अधर्म का उपदेश नहीं... पृष्ठ 2 | कलेक्टर एवं रिटर्निंग अधिकारी... पृष्ठ 3

# नांदगांव टाइम्स



।। जय श्री जलाराम।।
श्री जलाराम प्रॉपर्टी डीलर
उचित दर पर मकान, फ्लैट, डुप्लेक्स, दुकान, ऑफिस, गोदाम, जमीन, प्लाट की खरीदी-बिक्री हेतु संपर्क करें।
ऑफिस- बागड़ी ब्रदर्स के बाजू में, रामाधीन मार्ग, राजनांदगांव।
मो: 98274-61508, 83192-88559
नोट :- मकान, फ्लैट, दुकान, गोदाम किराये पर लेने एवं देने की विशेष व्यवस्था साथ ही जमीन प्लाट हेतु डायवर्सन के दस्तावेज व ऋण पुस्तिका बनवाने के कार्य की सुविधा।


गुरूवार, 04 अप्रैल 2024, राजनांदगांव | आरएनआई 30910/76 | वर्ष 48, अंक 171, पृष्ठ 04, मूल्य 2 रुपए

# चरणदास महंत के बयान पर बिफरे सीएम साय, कहा - पहली लाठी मुझे मारे, प्रधानमंत्री पर की गई टिप्पणी अशोभनीय और शर्मनाक



**महासमुंद।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के ऊपर दिए गए अमर्यादित बयान के लिए मैं नेता प्रतिपक्ष डॉ. चरणदास महंत और कांग्रेसियों से कहना चाहता हूं कि अगर उनमें हिम्मत है तो मैं भी मोदी परिवार का सदस्य हूं, पहली लाठी मुझे मारे. कांग्रेसियों ने पहले भी पीएम मोदी को चौकीदार चोर है कहा था, जिसका जवाब देश की जनता ने अच्छे से दिया था. कांग्रेस के इस घटिया बयान का करारा जवाब जनता ही फिर से देगी. यह बात मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने आज महासमुंद दौरे के दौरान कही.

ऋद्दड्डस्त्र रूशह्द्ग ङ्क गर्मी में छात्रों को मिली राहत, छत्तीसगढ़ में बदला स्कूलों का समय, जानिए अब कितने बजे से लगेगी क्लास


महासमुंद में मुख्यमंत्री ने कांग्रेस से खुद को लाठी से मारने की चुनौती देते हुए कहा कि चरणदास महंत का देश के प्रधानमंत्री के ऊपर दिया गया बयान बहुत ही शर्मनाक है. इसकी हम कड़ी भर्त्सना करते हैं. गौरतलब है कि चरणदास महंत ने राजनांदगांव में पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के नामांकन सभा के दौरान प्रधानमंत्री के विरुद्ध टिप्पणी करते हुए कहा था कि नरेंद्र मोदी के खिलाफकोई लाठी लेकर खड़ा हो सकता है तो वो भूपेश बघेल हैं, हम लोगों को लाठी चलाने वाला, नरेंद्र मोदी के सिर को फोड़ने वाला आदमी चाहिए, जो भूपेश बघेल और देवेंद्र यादव ही कर सकते हैं. ष्टरू साय ने प्रधानमंत्री की तारीफकरते हुए कहा, यह मेरा सौभाग्य है कि पीएम मोदी के पहले कार्यकाल में मुझे उनके साथ पूरे 5 साल एक सांसद और राज्यमंत्री के रूप में काम करने का अवसर मिला. प्रधानमंत्री ने कहा था कि उनकी सरकार गरीबों के लिए समर्पित है. उन्होंने पहले 5 साल के कार्यकाल में गरीबों के हित के लिए काम किया. पूरे दस साल के शासन में नरेंद्र मोदी ने देश के गांव, गरीब, किसान, मजदूर सबको समृद्ध बनाया. इसलिए आप सभी से मैं अशीर्वाद मांगने आया हूं कि नरेंद्र मोदी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाने के लिए महासमुंद लोकसभा से बहन रूपकुमारी चौधरी को सांसद बनाकर दिल्ली भेजें



और प्रदेश की पूरी 11 की 11 सीटें भाजपा की झोली में डालें. विष्णुदेव साय ने कहा कि हमारी सरकार बनते ही हमने मोदी की गारंटी में जो प्रमुख वादा था उसको सांय-सांय पूरा किया और सभी काम को सांय-सांय कर रहे हैं, जिससे कांग्रेस का बाय-बाय हो रहा है. कांग्रेस में भगदड़ मची है, उनके लोग पार्टी छोड़ रहे हैं और भाजपा में शामिल हो रहे हैं. लोकसभा चुनाव में भी कांग्रेस का बाय-बाय करना है.मुख्यमंत्री ने कहा कि कांग्रेस ने कोयला, शराब, रेत, जमीन सब में भ्रष्टाचार किया. दुर्भाग्य की बात है कि प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री के ऊपर महादेव सट्टा एप को निरन्तर चलाने के लिए 508 करोड़ रुपये प्रोटेक्शन मनी लेने का आरोप लगा, उन पर एफ्आइआर हुआ. कांग्रेस की सरकार ने 18 लाख गरीबों के आवास का पैसा खा दिया, गरीबों का मकान अधूरा का अधूरा रह गया. किश्त रुकने से 5 साल तक उनका मकान नहीं बन पाया, लेकिन हमने सरकार में आते ही वादे के अनुरूप 18 लाख पीएम आवास के लिए राशि जारी कर दी है. आज की सभा में भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंहदेव, उप मुख्यमंत्री अरुण साव, मंत्री टंकराम वर्मा, लोकसभा प्रत्याशी रूपकुमारी चौधरी, क्लस्टर प्रभारी अजय चंद्राकर, सांसद चुन्नीलाल साहू, पूर्व सांसद चंदूलाल साहू, पूर्व मंत्री चंद्रशेखर साहू, पूर्व विधायक शिवरतन शर्मा, विधायक भावना बोहरा, खुशवंत साहेब, योगेश्वर राजू सिन्हा, सम्पत अग्रवाल और अनुज शर्मा उपस्थित थे. आज महासमुंद में नामांकन से पहले मुख्यमंत्री के समक्ष भाजपा में शामिल होने के लिए कांग्रेसियों की होड़ दिखी. महासमुंद जिला पंचायत की अध्यक्ष रही उषा पटेल, पूर्व में महिला कांग्रेस की प्रदेश अध्यक्ष और महासमुंद नगर पालिका की अध्यक्ष रही अनिता रावटे, महासमुंद नगर पालिका के उपाध्यक्ष रहे हरबंश सिंह ढिल्लों, पिथौरा नगर पंचायत के 4 बार के अध्यक्ष रहे देव सिंह निषाद, महिला नागरिक बैंक की अध्यक्ष रही अरुणा शुक्ला, जनपद पंचायत महासमुंद के पूर्व उपाध्यक्ष नरेंद्र पटेल का नाम क्क्छ्वक्क में शामिल होने वालों में प्रमुख रहा.

**कबीर पंथ के संत देवकर साहेब भाजपा में शामिल-** राष्ट्रीय संत गुरु असंग देव के शिष्य देवकर साहेब, जो कबीर पंथ के सन्यास परम्परा के संत हैं, उन्होंने भी अपने एक हजार साथियों के साथ भाजपा में प्रवेश किया.

## बाबा मरस पोटा धाम में श्री मद् भागवत महापुराण ज्ञान यज्ञ पांचवां दिन



### आज श्री कृष्ण रूक्मणी विवाह उत्सव

**राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)।** वनचेतना मनगटा मार्ग ग्राम बघेरा मार्ग पर स्थित बाबा मरस पोटाधाम में 30 मार्च से 6 अप्रैल तक आयोजित सप्ताहिक संगीत मय श्री मद् भागवत महापुराण ज्ञान यज्ञ कथा का चतुर्थ दिवस और शाम की बेला मे सय्यमकाल के सत्र में श्री शारदा देवीधाम मैहर धाम से पधारे श्री श्री 1008 श्री राम लोचन शरण लोचन जू महाराज मुखारविंद से चतुर्थ दिवस के उपरांत भक्त प्रह्लाद की रक्षा करते हुऐ हिरण कश्यप का वध समुद्र मंथन बलि बावन प्रसंग के साथ सूर्यवंश में श्री राम जन्मोत्सव तथा चंद्रवंश में श्री कृष्ण जन्म उत्सव बड़े ही धूम धाम से मनाया गया परम पूज्य श्री महाराज जी के मुखारविंद से चतुर्थ दिवस में सत्य की बंदना करते हुऐ भगवान की स्तुति की पंचम दिवस में भगवान के बलचरित्र का वर्णन माखन चोरी ग्वालो के साथ अनेक राक्षसों का वध पूतना मर्दन सकटा सुर राक्षसों का वध के वध के साथ वृंदावन की महिमा का वर्णन तथा कालिया मर्दन ब्रम्हा जी मोह भंग किया वा ब्रम्हा जी ने भगवान की तीन परिक्रमा की तथा इंद्र का मान मर्दन करते हुऐ गोवर्धन पर्वत को अपनी कनिष्ठका उंगली पर धारण कर गोवर्धन जी की पूजन कर सभी ब्रज वासियों के कष्ट का निवारण किया सप्ताहिक संगीत मय श्री मद् भागवत महापुराण ज्ञान यज्ञ में बढ़ी संख्या में भक्त बाबा मरस पोटा धाम पहुंच कर कथा का आनंद लें रहे मरस पोटा धाम के संरक्षक



श्री राकेश श्रीवास्तव/दिलीप साहु/ विकास लिमचा/रवि साहु/प्रताप/पुरूषोत्तम साहु ने कहा 4 अप्रैल दिन गुरुवार श्री कृष्ण रूक्मणी विवाह/5 अप्रैल सुदामा चरित्र एवं हवन 6 अप्रैल को भंडारा प्रसादी के साथ श्री मद् भागवत महापुराण ज्ञान यज्ञ कार्य क्रम का समापन किया जायेगा।

## डगनिया बेटी बचाओ मंच का होली मिलन पर्यावरण संरक्षण के संकल्प के साथ संपन्न हुआ



**रायपुर।** डगनिया बेटी बचाओ मंच ने फाग गीतों के साथ थिरकते हुए हर्बल गुलाल और फूलों की पंखुड़ी के साथ होली मिलन किया। रोहिणीपुरम तालाब स्थित शिव मंदिर कीर्तन हाल में आयोजित होली मिलन प्रदेश अध्यक्ष ललित मिश्रा के मुख्य अतिथ्य तथा डगनिया अध्यक्ष कृष्ण वर्मा, उपाध्यक्ष लीला रहंगडाले की उपस्थिति में हर्ष व उल्लास के साथ संपन्न हुआ। उपस्थित पदाधिकारियो ने पर्यावरण संरक्षण, नशा मुक्त समाज तथा अपने घरों के आसपास साफ सुथरा रखने का संकल्प लिया । आयोजन में मुख्य रूप से आशा चंद्राकर, प्रीति मिश्रा, लक्ष्मी शर्मा, गंगा वर्मा, हेमा यादव, नंद कुमारी वर्मा, सावित्री देवांगन, विजय लक्ष्मी दीवान , पार्वती वर्मा, संतोषी जैतवार, गीता पटेल, गायत्री बघेल, मीना कश्यप, घनेश्वरी एडे , देवकी साहू, शीला टिकरिया सहित पदाधिकारी व सदस्य गण शामिल थे ।

## महतारी वंदन योजना की दूसरी किस्त जारी, 70 लाख महिलाओं के खाते में पहुंचा पैसा

**रायपुर।** महतारी वंदन योजना की दूसरी किस्त राज्य सरकार ने जारी कर दी है. लगभग 70 लाख महिलाओं के खाते में राशि डाल दी गई है. मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने ट्वीट कर इसकी जानकारी दी. सीएम साय ने ट्वीट कर लिखा कि मोदी की गारंटी में किए वादे को निभाने की दिशा में आगे बढ़ते हुए छत्तीसगढ़ की माताओं-बहनों के स्वाभिमान का सम्मान कर आज महतारी वंदन योजना की इस माह की किश्त जारी हुई.



# झूठ बोलना बंद करें भूपेश बघेल - खूबचंद पारख

**राजनंदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता एवं लोकसभा चुनाव में सह समन्वयक खूबचंद पारख ने कहा कि अपनी नामांकन सभा में पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने लोगों को झूठ बोलते हुए कहा कि महतारी वंदन योजना की किस्त नहीं आई है, कई लोगों को पैसा नहीं मिला है, इस पर पलटवार करते हुए वरिष्ठ नेता खूबचंद पारख ने कहा कि भूपेश बघेल झूठ बोलना बंद करें क्योंकि तीन माह के विष्णु देव साय सरकार के कार्यकाल में इतिहासिक रूप से मोदी गारंटी की सभी घोषणाएं पूरी की गई हैं।

70 लाख से अधिक महिलाओं के खाते में पैसा ट्रांसफर किया गया है, डॉ रमन सिंह के कार्यकाल का 2 वर्ष का बोनस किसानों के खाते में जमा किया गया है, जिसकी घोषणा कांग्रेस ने भी की थी परंतु 5 वर्षों में उसे पूरा नहीं किया। इसी तरह से धान के अंतर की राशि का भी भुगतान किया जा चुका है। भाजपा ने चुनाव के समय जो घोषणाएं की थी, वह मोदी गारंटी के तहत की थी इसलिए उनका पूरा होना यह



दर्शाता है कि भाजपा जो कहती है वह करती है, कांग्रेस की तरह झूठी घोषणाएं भाजपा नहीं करती । पारख ने कहा की कांग्रेस ने जो घोषणाएं की थी वह आज तक पूरी नहीं हुई, इसलिए भूपेश को छत्तीसगढ़ की जनता ठगेश कहती है, श्री खूबचंद पारख ने कहा कि विधानसभा चुनाव में ऐसे झूठ बोलने वालों को छत्तीसगढ़ की जनता ने मजा चखा दिया और भाजपा की बड़ी जीत सुनिश्चित की,परंतु इसके बावजूद भी भूपेश बघेल अपनी आदतों से बाज नहीं आ रहे और झूठ पर झूठ बोलकर जनता को बेवकूफ समझ रहे हैं, राजनांदगांव संस्कारधानी है यहां की जनता भलीभांति जानती है कि भूपेश ने राजनांदगांव के साथ 5 वर्षों में कैसा अन्याय किया था, अच्छा हुआ कि उन्होंने यहां से चुनाव लड़ा, राजनांदगांव की जनता को अवसर मिल गया, उन्होंने कहा की मुझे पूरा विश्वास हैं कि 26 अप्रैल को मतदान के रूप में जिले की जनता भूपेश बघेल को अपना करारा जवाब जरूर देगी और संतोष पांडे राजनांदगांव से भारी मतों से जीतेंगे।

## भूपेश ने नामांकन करते ही बदला प्रचार का अंदाज, ताबड़तोड़ 25 गांव में तूफानी दौरे

### नामांकन के अगले ही दिन बघेल ने दिखाया दम

### 12 घंटे का बिना रूके तूफानी दौरा

### जनता से सीधे कर रहे संवाद

### सवाल-जवाब से पहुंचा रहे अपना संदेश

**राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)।** राजनांदगांव लोकसभा क्षेत्र में प्रत्याशियों के नामांकन का आज दूसरा दिन था। पहले ही दिन अपना नामांकन भर चुके पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल नामांकन दाखिल करने के अगले ही दिन से तूफानी दौरे पर निकल पड़े हैं।

बुधवार के दिन भूपेश बघेल ने सुबह 10 बजे से ही खुज्जी विधानसभा के छुरिया विकासखंड के ग्राम पंगरीकला से अपने जनसंवाद कार्यक्रम की शुरुआत की। इस दौरान भूपेश बघेल वर्तमान प्रदेश भाजपा सरकार पर तंज कसते हुए नजर आए। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में लोगों ने कांग्रेस प्रवेश भी किया। पूर्व मुख्यमंत्री ने जनता को अपने शासनकाल में किए गए कामों को याद दिलाते हुए वर्तमान सरकार पर सभी जनहितकारी काम सांय-सांयबंद करने का आरोप लगाया। साथ ही अपने भाषणों में केंद्र सरकार को भी आड़े हाथों लिया।भूपेश बघेल इसके बाद पथरी,



साल्हे, आयबांधा, तुर्रेगढ़, सीताकसा, दानी, मरकाकसा, लालूटोला, धोबनी, परेवाडीह, उमरवाही, बड़गांव, गोडलवाही, मासुलकसा, तुमड़ीकसा होते हुए करमरी पहुँचे। इसके बाद अर्जनकुंड, रतनभाट, महरूम, कलडबरी, गिदरी, बरबसपुर गांव का दौरा प्रस्तावित था। सभी गांवों में भूपेश बघेल का संवाद का तरीका एक जैसा नजर आया, जहां उन्होंने भाजपा सरकार आने से कैसे जनता की आय पर फर्क पड़ा है, इसको उदाहरण सहित बताया। विशेषकर महिलाओं से कहा कि महतारी वंदन योजना के नाम पर आपको बरगलाया गया है। राशन कार्ड में प्रति परिवार 7 किलो की बजाय 5 किलो प्रति परिवार किए जाने पर बघेल ने चिंता व्यक्त की। बघेल ने खुज्जी में कांग्रेस का विधायक जिताने के लिए आभार प्रकट करते हुए जनता से लोकसभा में भी कांग्रेस को वोट देने की अपील की। भूपेश बघेल ने इस दौरान कहा कि मुझे आपने पांच साल छत्तीसगढ़ महतारी की सेवा करने का अवसर दिया, मैंने दिल खोलकर आप सब की सेवा की। अब आप लोकसभा चुनाव में आशीर्वाद दीजिए, आपकी आवाज को दिल्ली संसद में उठाने का काम करूंगा। इस दौरे में भूपेश बघेल के साथ राजनांदगाँव कांग्रेस जिलाध्यक्ष भागवत साहू, खुज्जी विधायक भोलाराम साहू, खुज्जी पूर्व विधायक छन्नी साहू, कांग्रेस नेता नरेश शुक्ला, प्रकाश यादव, तरुण सिन्हा, राजकुमारी सिन्हा, उर्मिला साहू, क्रांति भंडारी, सीमा यादव, चुम्मन साहू, शरद चंद्राकर, शुभम शुक्ला सहित अनेक पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## मतदान समाप्ति के 48 घंटे पूर्व से लेकर मतदान समाप्ति तक शुष्क अवधि घोषित

**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** भारत निर्वाचन आयोग द्वारा जारी लोकसभा निर्वाचन 2024 कार्यक्रम अंतर्गत संसदीय निर्वाचन क्षेत्र क्रमांक 6-राजनांदगांव में मतदान 26 अप्रैल 2024 को सुबह 7 बजे से शाम 6 बजे तक संपन्न होगा। कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी श्री संजय अग्रवाल ने मतदान के अवसर पर जिले की सभी देशी व विदेशी मदिरा दुकान, मद्य भण्डारण-भाण्डागार एवं भांग व भांगघोटा दुकान को मतदान समाप्ति के 48 घंटे पूर्व से लेकर मतदान समाप्ति तक पूर्णत: बंद रखने के लिए शुष्क अवधि घोषित किया है। जिले की सीमा से लगे अन्य राज्य के जिले एवं राजनांदगांव जिले से लगे जिले की 3 किलोमीटर की दूरी में स्थित मदिरा दुकानों को बंद रखने के संबंध में संबंधित जिलों के कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी को पत्र प्रेषित किया गया है। इसी प्रकार अन्य राज्य के जिले में एवं राजनांदगांव जिले से लगे जिले में होने वाले लोकसभा निर्वाचन के दौरान 3 किलोमीटर की दूरी में राजनांदगांव जिले की मदिरा दुकान को मतदान दिवस के 48 घंटे पूर्व से लेकर मतदान समाप्ति तक पूर्णत: बंद रखने के निर्देश दिए गए हैं।

## लखोली दुर्गा चौक में रहेगी कर्मा जयंती की धूम

**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** तैलिक वैश्य साहू समाज की अधिष्ठात्री देवी संत माता कर्मा जयंती 05 अप्रैल पापमोचनी एकादशी के अवसर पर नगर के लखोली क्षेत्र के दुर्गा चौक में जयंती पर्व मनाने की तैयारी साहू समाज ने पूरी कर ली है। साहू मोहल्ला विकास समिति समाज के अध्यक्ष प्रवीण साहू ने बताया कि इस बार 05 अप्रैल को लखोली में कर्मा जयंती धूमधाम से मनाई जाएगी। सबसे पहले सुबह 9:00 बजे फक्त माता कर्मा की महा आरती की जाएगी। 11:30 बजे बुजुर्गों का सम्मान किया जाएगा। 1:00 बजे कलश यात्रा निकल जाएगी जो की लखोली भ्रमण कर दुर्गा चौक पहुंचेगी। 7:00 बजे विशाल भंडारा का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम में मुख्य रूप से साहू मोहल्ला विकास समिति लखोली के अध्यक्ष प्रवीण साहू, उपाध्यक्ष हीरा साहू, सचिव शत्रुघ्न लाल साहू, सह सचिव बृजलाल साहू, कोषाध्यक्ष कृष्णा साहू, मांगन दास साहू, संरक्षकगण में भागचंद साहू, वृजभूषण साहू, खेमचंद साहू, रेखालाल साहू, माखन लाल साहू, 23 पार प्रमुख समाज के अध्यक्ष समाज के सभी लोग सहित लखोली के गणमान्य नागरिक उपस्थित रहेंगे।



## एक दिन में जांच रहे 40 कॉपी 14 को पूर्ण किया जाना है मूल्यांकन

**खैरागढ़ ( नांदगांव टाइम्स )।** 10 वीं तथा 12वीं बोर्ड की कॉपियों का मूल्यांकन जल्द से जल्द पूर्ण कराने के लिए अधिक से अधिक शिक्षकों की ड्यूटी लगा दी गई है. छह दिन के भीतर बोर्ड की 45 हजार से अधिक कॉपियों का मूल्यांकन पूर्ण कर लिया गया है, जिसमें से 10वीं की 29,379 तथा 12वीं की 15,316 कॉपियां शामिल हैं. मूल्यांकन में 250 से 300 शिक्षकों की सेवाएं ली जा रही हैं. प्रत्येक शिक्षक एक दिन में 40 कापी जांच रहा है. लोकसभा चुनाव के चलते 10वीं तथा 12वीं बोर्ड की कॉपियों का मूल्यांकन जल्द से जल्द पूर्ण कराया जाना है. 23 मार्च से बोर्ड की कॉपियों का मूल्यांकन केसीजी जिला मुख्यालय स्थित डॉ. पदुमलाल पुन्नालाल बक्शी स्कूल में किया जा रहा है. मूल्यांकन के लिए 14 अप्रैल तक की समय सीमा का निर्धारण किया गया है. 10वीं तथा 12वीं बोर्ड की एक लाख से अधिक कॉपियां मूल्यांकन के लिए पहुंची हैं. स्टेट हायर सेकेण्डरी स्कूल के सहायक बोर्ड व केंद्र प्रभारी आर.एल. वर्मा एवं स्ट्रॉग रूम प्रभारी सुनील गुनी ने बताया कि अब तक 10वीं बोर्ड की 29379 तथा 12वीं बोर्ड की 15316 कापियों का मूल्यांकन पूर्ण कर लिया गया है. शिक्षकों को मूल्यांकन के लिए गाईड लाईन दी जा चुकी है. शिक्षक भी निर्धारित समय में पहुंचकर शाम 5 बजे तक मूल्यांकन कर रहे हैं. उन्होंने कहा कि मूल्यांकन के लिए सभी विषयों में शिक्षक पहुंच रहे हैं. हिन्दी, अंग्रेजी से लेकर वाणिज्य और साईंस की कॉपियों का मूल्यांकन भी जल्द से जल्द पूर्ण कराया जा रहा है. कला संकाय में भी अब पर्याप्त शिक्षक पहुंच रहे हैं.



## भाजपा ने महंत का पुतला फूंका

**राजनांदगाँव ( नांदगांव टाइम्स )।** भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं व नागरिकों में कल कांग्रेस प्रत्याशी भूपेश बघेल के नामांकन के पश्चात स्टेट हाई स्कूल में आयोजित सभा में पूर्व विधानसभा अध्यक्ष चरणदास महंत के द्वारा प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के सिर फोड़ने जैसे बयान को लेकर भंयकर आक्रोश हैं। आज दिनभर भाजपा के रेलवे स्टेशन रोड स्थित लोकसभा चुनाव कार्यालय में कार्यकर्ताओं का आक्रोश साफ दिखाई पड़ रहा था। पार्टी के बड़े नेता कार्यकर्ताओं के आक्रोश को शांत करते दिखे। कांग्रेस नेता के अत्यंत आपत्तिजनक बयान पर लोकतान्त्रिक तरीके से विरोध प्रकट करने की समझाइस देते रहे। इस के बाद भाजपा के दक्षिण व उत्तर मण्डल के कार्यकर्ताओं ने तत्काल बैठक ले कर महंत का पुतला फुँकने का निर्णय लिया। भाजपा मीडिया सेल द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार शाम 06 बजे वरिष्ट नेताओं के साथ कार्यकर्ताओं ने गायत्री मंदिर के समीप स्थित पोस्ट ऑफिस चौक में चरणदास महंत का पुतला दहन कर आक्रोश प्रकट किया इस दौरान प्रमुख रूप से मधुसूदन यादव,आलोक श्रोती, गोलू गुप्ता, पारूल जैन, संगीता मिश्रा, एकता अग्राही, सविता बोस, शेखर यादव, गिन्नी चाँवला, गितेश गुप्ता, सुनीता यादव, साक्षी भाटिया, आशीष जैन, प्रहलाद सिन्हा, सहित अनेक कार्यकर्ता उपस्थित थे।

**NOTICE**

UNDER SECTION 72 OF THE INDIAN Partnership ACT, 1932

Notice is hereby given that the Intimation of the change of the Partners in the Partnership firm **M/S MAYA ENTERPRISES**, RAIPUR is changed w.e.f 31/03/2024. Partner SHRI PRATIK PATERIYA left the said firm on .31/03/2024

**Place - Raipur**
**Date - 31.03.2024**

**FOR, M/S MAYA ENTERPRISES**
VIRENDRA KUMAR PATERIYA
(PARTNER)

# अनिष्ट फलप्रद अधर्म का उपदेश नहीं करते आचार्यगण - पुरी शंकराचार्य

अरविन्द तिवारी की रिपोर्ट

**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** हिन्दुओं के सार्वभौम धर्मगुरु एवं हिन्दू राष्ट्र प्रणेता पूज्यपाद पुरी शंकराचार्य स्वामी श्रीनिश्चलानन्द सरस्वतीजी महाभाग आचार्य शंकर महाभाग द्वारा प्रस्तुत राजधर्म का भावार्थ की चर्चा करते हुये उद्धृत करते हैं कि भगवत्पाद श्रीशिवावतार शंकराचार्य महाभाग ने चतुराम्नाय चतुष्पीठ को वैदिक विधा से प्रतिष्ठित कर उन पर पद्मपाद, हस्तामलक, सुरेश्वर तथा तोटक - संज्ञक अपने सुयोग्य शिष्यों को सन्निहित किया। उन्होंने व्यासपीठ के तुल्य ही विधर्मियों के चपेट से राजपीठ को विमुक्त और विशुद्ध कर राजसेन, पूर्णवर्मा तथा वृषदेव आदि को क्षेत्रीय स्तर पर और सुधन्वा को सार्वभौम नरेन्द्र पद पर प्रतिष्ठित कर धर्म नियन्त्रित पक्षपात विहीन सर्व हितप्रद शासन तन्त्र की स्थापना का मार्ग प्रशस्त किया। उक्त राजाओं के लिये विहित राजधर्म का सारार्थ इस प्रकार उल्लेखित है कि चन्द्रमा मन के अधिदैव हैं। उनके अनुग्रह से संयत मन वाले तपस्वी तथा मनस्वी द्विज चन्द्रदेव को ही अपना राजा मानते हैं। उन द्विजों के द्वारा उपदिष्ट तथा अभिषिक्त क्षत्रिय दण्डाधिकारी होते हैं। ब्राह्मणों में सन्निहित नीति तथा क्षत्रियों में प्रतिष्ठित शक्ति के साहचर्य और सामञ्जस्य से सर्वहित सुनिश्चित है। इस तथ्य का प्रकाश स्वयं भगवत्पाद श्रीशंकराचार्य के शब्दों में इस प्रकार है। शील, संयम तथा वेदार्थ विज्ञान सम्पन्न आचार्य के उपदेश और उसका उल्लंघन करने वालों के लिये अर्थात् उन्मार्ग गामी अराजक तत्त्वों के लिये राजदण्ड प्रजा पालक हैं। अतएव आचार्य और राजा माननीय हैं ; इसको निन्दा ना करे। ध्यान रहे ; धृ - धातु धारण करने तथा महत्त्व के अर्थ में प्रयुक्त होती है। अधारण तथा अमहत्त्व में प्रयुक्त अधर्म शब्द का अर्थ इसके विपरीत है। आचार्य वृन्द इष्ट की प्राप्ति कराने वाले धर्म का ही उपदेश करते हैं। अनिष्ट फलप्रद अधर्म का उपदेश आचार्य गण नहीं करते। जो वृद्ध, निर्लोभ, संयमी तथा आत्मज्ञ, दम्भहीन, परम विनीत, मृदु - स्वभाव होते हैं ; उन्हें आचार्य कहा जाता है। धर्म मर्यादा के निरन्तर परिपालन और धर्म सेतु के परिरक्षण का मुख्य दायित्व पूज्य भगवत्पाद श्रीशंकराचार्य ने ब्राह्मणों, श्रीपद्मपाद - हस्तामलक - सुरेश्वर - तोटक संज्ञक चतुराम्नाय चतुष्पीठ के मान्य श्रीमज्जगदुरुओं एवं श्रीभट्टपाद के द्वारा सुशिक्षित तथा श्रीभगवत्पाद के द्वारा अधिष्ठित सुधन्वा आदि नरेशों को सौंपा। ऋग्वेद, यजुर्वेद और सामवेद - ये ब्रह्मा के अङ्ग हैं। व्यतीत हुये मन्वन्तर के धर्मों का स्मरण करके मनु ने उनका उपदेश किया है। इसलिये वर्णाश्रम के विभाग अनुसार प्रयुक्त हुआ धर्म स्मार्त कहलाता है। इस प्रकार श्रौत और स्मार्त रूप द्विविध धर्म को शिष्टाचार कहते हैं। शिष - धातु से निष्ठा संज्ञक क्त - प्रत्यय का संयोग होने पर शिष्ट - शब्द निष्पन्न होता है। प्रत्येक मन्वन्तर में इस भूतल पर जो धार्मिक महानुभाव वर्तमान रहते हैं, उन्हें शिष्ट कहा जाता है। इस प्रकार लोक की वृद्धि करने वाले सप्तर्षि और मनु इस भूतल पर धर्म का प्रचार करने के लिये स्थित रहते हैं, अतः वे शिष्ट शब्द से अभिहित होते हैं।



# एनबीआईएस-बोरी स्कूल हेतु अब डोंगरगाँव व डोंगरगढ़ से भी बस सुविधा

## नवमीं से बारहवीं के छात्रों को प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी नि :शुल्क

**राजनांदगाँव ( नांदगांव टाइम्स )।** नीरज बाजपेयी इंटरनेशनल स्कूल-बोरी (96914-07311) में नये सत्र 2024-25 में पालको के विशेष आग्रह पर डोंगरगाँव तथा डोंगरगढ़ से बोरी स्कूल हेतु सीधे बस की सुविधा दी जा रही है । डोंगरगाँव से बस अपने नियत समय से सीधे अर्जुनी, रामपुर, घोरदा होते हुए बोरी स्कूल आयेगी । वहीं डोंगरगढ़ से बस मुसरा, भनपुरी, सुकुलदैहान, धर्मापुर व डिलापहरी होते एनबीआईएस-बोरी स्कूल पहुंचाई जायेगी । शाला में नये सत्र से कक्षा नवमीं एवं दसवीं के बच्चों को विशेष विषय विशेषज्ञों की देखरेख में काम्पिटिटिव एक्जाम की तैयारी हेतु बेसिक फाउंडेशन कोर्स भी कराया जायेगा। ग्यारहवीं एवं बारहवीं के छात्रों को जेईई, नीट तथा सीए फाउंडेशन परीक्षाओं की भी तैयारी शाला में करायी जायेगी । बच्चों के चहुमुंखी विकास हेतु एक्स्ट्रा क्लास के माध्यम से प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी विषय विशेषज्ञों द्वारा शाला में निःशुल्क करायी जायेगी ।



एनबी-ग्रुप ऑफ स्कूल्स के सभी शालाओं में नये सत्र 2024-25 में प्रवेश लेने वाले प्रत्येक कक्षा के प्रथम दस बच्चों के एडमिशन शुल्क में दी गई 100 प्रतिशत छूट की अवधि को आठ अप्रैल तक बढ़ा दिया गया है । आठ अप्रैल के पश्चात् नये एडमिशन लेने वाले बच्चों को एडमिशन फीस में छूट नहीं दी जायेगी । एनबीआईएस-बोरी में हायर कक्षा में विज्ञान संकाय ( बायोलाजी, मैथ्स ) तथा वाणिज्य संकाय की कक्षा संचालित की जा रही है । जिसमें विषय अनुरूप शहर के श्रेष्ठ शिक्षकों का मार्गदर्शन बच्चों को मिल रहा है। एनबीआईएस में आधुनिकता को देखते हुए शारीरिक तथा मानसिक रुप से बच्चों के समग्र विकास के लिए नवीन इंडोर खेलों की व्यवस्था की गयी है। ग्यारह एकड़ के शाला परिसर में नये दो बैडमिंटन कोर्ट , बास्केटबाल कोर्ट, हैंडबाल, दो व्हालीबाल कोर्ट, दो टेबल टेनिस, क्रिकेट के लिए नेट पिच की स्थापना की गयी है। इंडोर तथा आउटडोर गेम के लिए सर्वसुविधायुक्त मैदान के साथ खेल प्रशिक्षकों की नियुक्ति भी की गयी है। एनबीआईएस की मेस सुविधा को पालकों का अच्छा प्रतिसाद मिला है । बच्चों के गरम, पौष्टिक, ताजा भोजन की प्रशंसा पालकों द्वारा की जाती रही है। जीपीएस एवं कैमरे मॉनिटरिंग सुविधा के साथ बच्चों को बसों से सुरक्षित लाने-लेजाने की व्यवस्था की गई है। समय और आधुनिकता को ध्यान में रखते हुए एनबीआईएस का उद्देश्य बच्चों को संस्कार युक्त शिक्षा प्रदान कराना है।

## प्रश्नपत्र की गोपनीयता पूर्णतः बनी हुई

**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** जिला शिक्षा अधिकारी श्री अभय जायसवाल ने बताया कि जिले की सभी शासकीय विद्यालयों में कक्षा पहलीं से आठवीं तक 1 से 8 अप्रैल 2024 तक वार्षिक परीक्षा का आयोजन किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि प्रधान पाठकों को खुला प्रश्न पत्र मिलने के संबंध में सूचना मिलने पर तत्काल मामले को संज्ञान में लेते हुए विकासखंड शिक्षा अधिकारी डोंगरगांव को कारण बताओ सूचना पत्र जारी किया गया। संकुल समन्वयक एवं संकुल के प्राथमिक एवं पूर्व माध्यमिक विद्यालयों के प्रधान पाठकों व शिक्षकों की उपस्थिति में मामले की समक्ष उपस्थिति में जांच की गई।

## मतदाता जागरूकता अभियान अंतर्गत ग्राम भकुरा में संगोष्ठी आयोजित

**राजनंदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** मतदाता जागरूकता कार्यक्रम के अंतर्गत राजनांदगांव जिला के छुरिया विकास खंड के अंतर्गत कलेक्टर एवम् जिला निर्वाचन अधिकारी श्री संजय अग्रवाल के मार्ग दर्शन में लोकसभा निर्वाचन 2024 के अंतर्गत 26 अप्रैल को शत् प्रतिशत मतदान के लिए ग्राम पंचायत भकुर्रा में स्वीप संगोष्ठी का आयोजन किया गया द्य मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत छुरिया श्री नारायण बंजारा जी के निर्देशानुसार ग्रामीण मतदाताओं को स्वीप संगोष्ठी में आमंत्रित किया गया द्य ग्राम पंचायत भकुर्रा में स्वीप संगोष्ठी सभा को सम्बोधित करते हुए श्रीमति कांती चंद्रवंशी ( सक्रिय महिला ), श्री बल्लू राम उइके ( पूर्व पंच ), श्री द्वारका प्रसाद साहू ( वरिष्ठ नागरिक) तथा श्रीमती बीरम बाई साहू( उप सरपंच) ग्राम पंचायत भकुर्रा ने कहा कि लोकसभा निर्वाचन 2024 में हम सब मिलकर शत् प्रतिशत मतदान के लक्ष्य को प्राप्त करेंगे द्य उक्त कार्यक्रम में सचिव श्री हरि प्रसाद सिन्हा , रोजगार सहायक श्री उमेश कुमार साहू, मेट रोशन साहू, टीका राम मंडावी, भग्गू राम साहू, खोरबाहरा राम साहू एवं बीएलओ श्रीमती धर्मिका चंद्रवंशी तथा भारी संख्या में मतदाता गण उपस्थित रहे । उक्त जानकारी ग्राम पंचायत सचिव द्वारा प्रदान की गई हैं।



## जिला सतनामी समाज में सदस्यता अभियान प्रारंभ

**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** जिला सतनामी सेवा समिति पं.क्र. 5041 जी.ई. रोड राजनांदगांव में सामाजिक पदाधिकारियों की आवश्यक बैठक विगत दिनों सतनाम भवन में रखा गया था। उक्त बैठक जिला सतनामी सेवा समिति अध्यक्ष सूर्य कुमार खिलारी के अध्यक्षता में व वरिष्ठ पदाधिकारी प्रो. श्री जी.पी. रात्रे, पी.आर. देशलहरा, विजय राय, चैनदास बांधव, सुलोचना मारकंडे, मनहरण लहरे, सुन्दरलाल चतुर्वेदी, नारायण भारती, सी.एल. टण्डन, तामेश्वर बंजारे, मदन टण्डन, आत्माराम रात्रे के उपस्थिति में जिला सतनामी सेवा समिति द्वारा सदस्यता अभियान चलाया जाने पर प्रस्ताव पारित हुआ। सूर्य कुमार खिलारी ने बताया कि आगामी माहों में होने वाले जिला सतनामी सेवा समिति चुनाव के मद्देनजर तैयारी किया जा रहा है।

# कौरिनभाठा में दिनदयाल कालोनी के पीछे अवैध प्लाटिंग की तैयारी



## निगम की टीम ने जेसीबी से उखाड़ा

**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** शासन निर्देशानुसार नगर निगम द्वारा निगम सीमांतर्गत अवैध कालोनी एवं अवैध प्लाटिंग के विरूद्ध कार्यवाही कर रही है और अवैध प्लाटिंग की जॉच कर उसे ध्वस्त करने तथा अवैध कालोनी भूमि विक्रय पर बाहय विकास शुल्क जमा करने नोटिस जारी किया जा रहा है। अब तक निगम सीमांतर्गत कई क्षेत्र के अवैध प्लाटिंग उखाडने व खरीदी बिक्री प्रतिबंधित का बोर्ड लगाने के साथ-साथ अवैध कॉलोनी में बाह्य विकास शुल्क जमा करने नोटिस दिया गया है। इसी कडी में कौरिनभाठा दिनदयाल कालोनी के पीछे अवैध प्लाटिंग की तैयारी के लिये बनाये गये मुरूम रोड व नाली को आज निगम की टीम ने जेसीबी से उखाड़ने की कार्यवाही की। कार्यवाही के संबंध में निगम आयुक्त श्री अभिषेक गुप्ता ने बताया कि शासन द्वारा अवैध कालोन निर्माण एवं अवैध प्लाटिंग की जॉच कर नियमानुसार कार्यवाही करने के निर्देश दिये गये है, निर्देशानुसार नगर निगम की टीम निरीक्षण कर निगम सीमांतर्गत अवैध कालोनी एवं अवैध प्लाटिंग की जॉच कर रही है और अवैध प्लाटिंग उखाडने के अलावा खरीदी बिक्री प्रतिबंधित का बोर्ड लगाने तथा अवैध कालोनी भूमि विक्रय पर बाहय विकास शुल्क जमा करने नोटिस जारी किया जा रहा है। साथ ही निगम सीमाक्षेत्र में बगैर स्वीकृत अभिन्यास के आवासीय तथा गैर आवासीय भूखण्डो पर क्रय विक्रय प्रतिबंध करने उप पंजीयक को पत्र प्रेषित किया गया है। आयुक्त श्री गुप्ता ने बताया कि पूर्व में कंचन बाग, लखोली, रेवाडीह, कौरिनभाठा, राम दरबार के पास आदि क्षेत्रों में हो रहे अवैध प्लाटिंग ध्वस्त किया गया और आज कौरिनभाठा दिनदयाल कालोनी के पीछे भूमि खसरा कं. 322/2 भूमि पर श्री पंकज शांतिलाल कोठारी राजनांदगांव द्वारा अवैध प्लाटिंग की तैयारी कर मुरूम रोड एवं नाली का निर्माण किया गया था। जोकि छ.ग. नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 292 ग (2) के तहत अपराध की श्रेणी में आता है। जिसपर कार्यवाही करते हुये निगम की टीम द्वारा उक्त अवैध प्लाटिंग के रोड को जेसीबी के माध्यम से उखाडकर नाली तोडने की कार्यवाही की गयी, इस प्रकार की कार्यवाही आगे भी जारी रहेगी। कार्यवाही के दौरान प्र.सहायक अभियंता श्री दिलीप मरकाम, उप अभियंता श्री दीपक महला व श्री अनिमेष चंद्राकर, पटवारी श्री मिलिन्द रेड्डी तथा निगम का अतिक्रमण अमला उपस्थित था। आयुक्त श्री गुप्ता ने नागरिको से अपील करते हुए कहा है कि उक्त क्षेत्र में बिना जानकारी के खरीदी बिक्री न करे। उन्होने तकनीकी अधिकारियों से कहा कि, नगर निगम सीमाक्षेत्र में अवैध कॉलोनी एवं अवैध प्लाटिंग की जॉचकर नोटिस जारी करें और यदि संबंधित के द्वारा अवैध प्लाटिंग कार्य बंद नही किया जाता है, तो उनके विरूद्ध निगम प्रावधानों के तहत् कडी से कडी कार्यवाही करें।



# तीरंदाजी खेल के लिए टैलेंट सर्च शिविर 3 से प्रारंभ

## 5 दिवसीय शिविर में तराशे जाएंगे नए खिलाड़ी, संस्कारधानी तीरंदाजी संघ का प्रयास



**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** तीरंदाजी की प्रतिभावान खिलाड़ियों की तलाश करने विशेष प्रशिक्षण शिविर लगाया गया है। यह शिविर 7 अप्रैल तक अंतराष्ट्रीय हॉकी स्टेडियम राजनांदगांव में शाम 4 से 6 बजे तक चलेगा। शिविर में 10 वर्ष से लेकर 17 वर्ष की बालक एवं बालिका खिलाड़ी भाग ले रहे हैं। उन्हें विशेषज्ञ प्रशिक्षकों द्वारा ट्रेनिंग दी जा रही है।जिला खेल एवं युवक कल्याण राजनांदगांव , स्वर्गीय अभिलेख अग्रहरी वेलफेयर फाउंडेशन एवं संस्कारधानी तीरंदाजी संघ राजनांदगांव के सहयोग से नए तीरंदाजी खिलाड़ियों की खोज के लिए विशेष प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया जा रहा है। सीनियर कोच राहुल साहू ने बताया गया कि शिविर में किसी भी स्कूल के बालक एवं बालिका खिलाड़ी हिस्सा ले सकते हैं। इन्हें एनआईएस प्रशिक्षक राहुल साहू एवं कुशल रजक द्वारा प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा। इस कैंप में श्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों को पुरस्कृत किया जाएगा। उल्लेखनीय है कि जिला खेल एवं युवक कल्याण राजनांदगांव एवं संस्कारधानी तीरंदाजी संघ राजनांदगांव के सहयोग से विगत कई वर्षों से इस तरह के कैंप लगातार लगाया जा रहा है।

उसी का परिणाम है कि संस्कारधानी तीरंदाजी संघ राजनांदगांव से तीरंदाजी खेल प्रशिक्षण प्राप्त कर स्कूल गेम्स, सीबीएसई गेम्स, केन्द्रीय विद्यालय गेम्स, यूनिवर्सिटी गेम्स, ओपन गेम्स में जोन, स्टेट एवं राष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में भाग लेकर उत्कृष्ट प्रदर्शन कर रहे हैं। इन खिलाड़ियों को एनआईएस कोच राहुल साहू एवं कुशल रजक द्वारा प्रशिक्षित किया जाएगा।

# सफाई कर्मचारियों का होली मिलन समारोह सम्पन्न



**छुरिया ( नांदगांव टाइम्स )।** गत दिनों शासकीय प्राथमिक शाला प्रांगण पदगुड़ा में छुरिया विकास खंड के अंशकालिन स्कूल सफाई कर्मचारियों का होली मिलन समारोह सफलता पूर्वक संपन्न हुआ। इस अवसर पर स्कूल सफाई कर्मचारियों को संबोधित करते हुए छत्तीसगढ़ अंशकालिक स्कूल सफाई कर्मचारी कल्याण संघ के ब्लाक अध्यक्ष गोविंद मंडावी,उपाध्यक्ष जितेन्द्र कुमार पटेल,सचिव ढालसिंह साहू,सलाहकार अजय मसराम,भुवन साहू, हरिला धनकर एवं बबीता साहू ने कहा कि होली मिलन समारोह के माध्यम से हम सभी पदाधिकारियों एवं सदस्यों को लंबे अंतराल के बाद एक साथ एक जगह इकट्ठा होने एवं एक दूसरे से मिलने का अवसर प्राप्त हुआ। हम संघ के सदस्य होने के नाते एक परिवार के सदस्य के रूप में एक दूसरे से जुड़े हुए है। हमें हमेशा एक दूसरे के सुख दुःख में सहभागी बनना चाहिये इससे आत्मीय संबंध हमेशा बनी रहती है।होली मिलन समारोह में एक-दूसरे से आत्मीय मिलन होने से सम्मान की भावना जागृत हुई है। हम छोटे कर्मचारी है इसलिए हमेशा एकजुट रहने की आवश्यकता है ताकि अपने अधिकारों की लड़ाई में अपनी सहभागिता निभाते रहे। होली खुशी,उमंग एवं उल्लास का पर्व है इस अवसर पर हमें अपनी उम्मीद एवं उत्साह को बनाये रखना चाहिए। इस अवसर उपस्थित सभी स्कूल सफाई कर्मचारियों ने होली गीत गाकर अपनी खुशियों का इजहार किया एक-दूसरे को रंग गुलाल लगाकर बधाई दी। कार्यक्रम का संचालन संघ के सचिव ढालसिंह साहू एवं आभार प्रदर्शन कोषाध्यक्ष एवन सहारे ने किया। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से संघ के सहसचिव यैतराम साहू,मीडिया प्रभारी निसार मियां, सलाहकारगण जीनेश्वरी देवांगन, रेवती देवांगन,माधुरी मानिकपुरी, सरस्वती यादव,जोन प्रभारीगण भुपेन्द्र कुमार,चेतन साहू, गजेन्द्र कुमार कोहकट्टा,युगेश वैष्णव, कन्हैया लाल बसु,लिखन साहू आदि सहित छुरिया ब्लाक के स्कूल सफाई कर्मचारी बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

## ईव्हीएम मशीन की कमिशनिंग का द्वितीय प्रशिक्षण 10 को

**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार जिले में लोकसभा निर्वाचन 2024 के सुगम संचालन हेतु ईव्हीएम मशीन की कमिशनिंग का द्वितीय प्रशिक्षण 10 अप्रैल 2024 को सुबह 11 बजे जिला पंचायत सभाकक्ष में आयोजित किया गया है। विधानसभा स्तरीय मास्टर ट्रेनर्स तथा विधानसभा स्तरीय सेक्टर ऑफिसर को निर्धारित तिथि, समय एवं स्थान पर उपस्थित रहने के निर्देश दिए गए हैं।

**शुभांक**

**3-5-8**

**667-9 359-7**

**भाग्यांक**

**360-9 489-1**

## ज्ञान मंथन

*1) दूसरी पीढ़ी के कम्प्यूटरों में कौन से इलेक्ट्रॉनिक उपकरण का प्रयोग किया गया था?*

*2) नासिक जिले में त्रिंबक पहाड़ियों से निकलने वाली कौनसी नदी है?*

*3) किसे मोलेसिस बेसिन भी कहा जाता है?*

*4) किस अधिवेशन में कांग्रेस नरम एवं गरम दल में विभाजित हो गई थी?*

*5) राष्ट्रीय युवा संसद महोत्सव 2024 में प्रथम पुरस्कार किसने जीता?*

**RamaQuiz (Pappu Ganesh )**



## उत्तर माला

(1) ट्रांजिस्टर (2) वैतरणा (3) मिजोरम (4) सूरत (5) यतिन भास्कर दुग्गल

# कलेक्टर एवं रिटर्निंग अधिकारी संसदीय निर्वाचन क्षेत्र 6-राजनांदगांव ने नाम निर्देशन पत्र प्राप्त करने, संवीक्षा तथा नाम वापसी के संबंध में राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों, पुलिस तथा प्रशासनिक अधिकारियों की ली बैठक

**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** कलेक्टर एवं रिटर्निंग अधिकारी संसदीय निर्वाचन क्षेत्र 6-राजनांदगांव श्री संजय अग्रवाल ने आज कलेक्टोरेट सभाकक्ष में नाम निर्देशन पत्र प्राप्त करने, संवीक्षा तथा नाम वापसी के संबंध में राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों, पुलिस तथा प्रशासनिक अधिकारियों की बैठक ली। इस दौरान पुलिस अधीक्षक श्री मोहित गर्ग उपस्थित रहे। कलेक्टर श्री संजय अग्रवाल ने कहा कि संसदीय निर्वाचन क्षेत्र 6-राजनांदगांव से निर्वाचन के लिए नाम निर्देशन की अंतिम तिथि 4 अप्रैल 2024 है। ऐसे में अधिक संख्या में नाम निर्देशन पत्र प्राप्त होने की संभावना को देखते हुए कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए आवश्यक व्यवस्था की गई है। नाम निर्देशन पत्र जमा करने हेतु आने वाले अभ्यर्थियों के लिए प्रवेश का मार्ग कार्यालय कलेक्टर के मुख्यालय से होकर वित्त शाखा के सामने से आकर न्यायालय कलेक्टर के कक्ष में नामांकन दाखिल कर सकेंगे। अत्यधिक संख्या में एक ही समय पर अभ्यर्थियों एवं उनके प्रस्तावकों के एकत्रित होने से नाम निर्देशन कक्ष में स्थान के अभाव की संभावना है। इसलिए न्यायालय कक्ष में स्थान की कमी को देखते हुए वित्त शाखा के सामने से लेकर सभाकक्ष के मुख्य द्वार तक एवं सभाकक्ष से न्यायालय कलेक्टर के कक्ष के सामने स्थित कॉरिडोर में अभ्यर्थी




एवं उनके प्रस्तावक बैठेंगे। कलेक्टर श्री अग्रवाल ने कहा कि अपरान्ह 3 बजे तक वित्त शाखा के सामने स्थित कॉरीडोर में प्रवेश करने वाले अभ्यर्थियों एवं प्रस्तावकों को प्रवेश कर लेने की स्थिति में नाम निर्देशन पत्र जमा करने की अनुमति होगी। ऐसी अभ्यर्थी जो अपरान्ह 3 बजे के बाद आयेंगे, उन्हें नाम निर्देशन कक्ष में प्रवेश की अनुमति नहीं होगी। अभ्यर्थी स्वयं अथवा उसके प्रस्तावक नाम निर्देशन पत्र जमा कर सकते हैं। नाम-निर्देशन पत्र जमा करने की पावती दिखाकर ही अभ्यर्थी अथवा प्रस्तावक स्थल को छोड़ सकते हैं। नाम-निर्देशन पत्र प्रस्तुत करने हेतु न्यायालय कलेक्टर कक्ष क्रमांक-2 से संलग्न कॉरीडोर, सभाकक्ष एवं वित्त शाखा तक के कॉरीडोर को रिटर्निंग ऑफिसर कक्ष का भाग घोषित किया गया है। अभ्यर्थी अथवा प्रस्तावकों की अधिक संख्या होने की स्थिति में कॉरीडोर के साथ-साथ सभाकक्ष में बैठ सकेंगे। बैठक में की गई इस व्यवस्था से सभी को अवगत कराया गया तथा सभी के द्वारा व्यवस्था के प्रति सहमति जाहिर की गई। इस अवसर पर अपर कलेक्टर श्री सीएल माकरण्डेय, अपर कलेक्टर श्रीमती इंदिरा नवीन प्रताप सिंह तोमर, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री राहुल देव शर्मा, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री मुकेश ठाकुर, उप जिला निर्वाचन अधिकारी श्री खेमलाल वर्मा, इण्डियन नेशनल कांग्रेस शहर राजनांदगांव के अध्यक्ष श्री कुलबीर सिंह छाबड़ा, इण्डियन नेशनल कांग्रेस शहर राजनांदगांव प्रतिनिधि श्री रूपेश दुबे, इण्डियन नेशनल कांग्रेस शहर राजनांदगांव के प्रतिनिधि श्री महेश शर्मा, भारतीय जनता पार्टी राजनांदगांव के प्रतिनिधि श्री अरूण शुक्ला सहित राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि एवं अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

# छुरिया के चंदैनी तालाब,हो रही उपेक्षा के शिकार - हारुन मानिकपुरी

**छुरिया ( नांदगांव टाइम्स )।** छत्तीसगढ़ दैनिक वेतन भोगी वन कर्मचारी संघ दुर्ग के संभाग उपाध्यक्ष हारुन मानिकपुरी ने कहा है कि नगर पंचायत छुरिया में चंदैनी तालाब की वर्षों से उपेक्षा की जा रही है। अगर उक्त चंदैनी तालाब का साफ सफाई, मरम्मत, और विस्तार पर कोई विशेष कार्य किया जाता है तो यह चंदैनी तालाब जीवन दायिनी साबित होगा और मनोरंजन के लिए भी बेहतरीन विकल्प बन सकता है। चुंकि यह तालाब वैसे तो वनविभाग के अधीन है और नगर पंचायत छुरिया के क्षेत्र में भी आता है। मानिकपुरी ने बताया कि बहुत पहले वन विभाग द्वारा चंदैनी तालाब का रोजगार गारंटी योजना अंतर्गत गहरी करण का कार्य हुआ था। उसके बाद छुरिया, नगर पंचायत के अस्तित्व में आने के बाद एक प्रकार से चंदैनी तालाब पर ही ग्रहण लग गया। चंदैनी तालाब का न ही गहरी करण हुआ,न ही मेढ़ मरम्मत हुआ, और ना ही किसी भी तरह



से कोई कार्य। छत्तीसगढ़ दैनिक वेतन भोगी वन कर्मचारी संघ दुर्ग के संभाग उपाध्यक्ष हारुन मानिकपुरी ने चंदैनी तालाब पर प्रकाश डालते हुए कहा कि चंदैनी तालाब में किसी भी प्रकार के कोई गंदगी पानी नहीं आता, यहां सिर्फ बरसात का जंगलों से बहकर पानी आता है, यहां की पानी में बारहों महीने शीतलता होती है,यह तालाब छुरिया नर्सरी से, गोपालपुर खोभा मार्ग से ,अभी बन रही पचास बिस्तर अस्पताल एवं दंतेश्वरी मंदिर पहाड़ी के पीछे वाली भाग से लगी हुई है। जो चंदैनी तालाब की शोभा बढ़ाती है। अगर चंदैनी तालाब की क्षेत्र विस्तार कर, जेसीबी मशीन से गहरी करण कर पार मरम्मत कर पीचिंग किया जाता है। यह तालाब नगर पंचायत एवं वनविभाग की सहायता से सुंदर बनाया जा सकता है। उन्होंने आगे बताया कि चंदैनी तालाब में आगे चलकर बोट वगैरह भी चलाया जा सकता है जिससे पर्यावरण प्रेमी एवं जलविहार करने वाले लोगों के लिए अच्छा विकल्प बन सकता है। हारुन मानिकपुरी ने नगर पंचायत छुरिया के सभी लोगों को से अपील करते हुए कहा कि नगर विकास एवं चंदैनी तालाब के संरक्षण संवर्धन के लिए दलगत राजनीति से ऊपर उठकर चंदैनी तालाब की विकास में सहयोग समर्थन की मांग की है।

## सोमिल जैन ऑल राउण्डर प्रदर्शन करते हुए मैन ऑफद मैच 4 विकेट

**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** कमला कॉलेज मैदान में खेला गया 30-30 ओवर का मैच ने आर.सी.+ए वर्सेस आर.सी.ए.+बी के बीच फूल र्टफ विकेट में मैच खेला गया। टॉस जीतकर कप्तान ने आराध्य राठौर कप्तान ने पहलें बैटिंग करने का निर्णय लिया। ओपनिंग जोड़ी में आराध्य राठौर, अनन्य वासनिक मैदान में उतरे पहला विकेट जल्दी आराध्य राठौर एल.पी.डब्ल्यू. सर्फराज की गेंद पे 4 रन बनाकर आऊट हुए। क्र मशः अनन्य वासनिक 13 रन, पुष्पेन्द्र साहू 24 रन, हर्ष गायकवाड 19 रन आर.सी.ए.बी की ओर से गेंदबाजी करते हुए सर्फराज ने 1 विकेट, उज्जवल दिवान 6 विकेट लिए, आयान खान 2 विकेट पूरी टीम 137 रन बनाकर ऑल आऊट हो गई।आर.सी.ए.बी की ओपनिंग कजोड़ी सर्फराज खान व आदिल पहला विकेट जल्दी गिर गई 8 रन के योग में। क्रमशः सर्फराज खान 19 रन, सयंम भांडेकर 45 रन, उज्जवल दिवान ने 7 रन बनाए, पूरी टीम 129 रन बनाकर ऑल आऊट हो गई आर.सी.ए.बी की ओर से गेंदबाजी करते हुए सोमिल जैन 4 विकेट, पुष्पेन्द्र साहू 2 विकेट, परमांश पाण्डे 1 विकेट। इस प्रकार आर.सी.+ए ने 8 रन से यह मैच जीत गया। मैच के अम्पायर संदीप शुक्ले, अनन्य, हर्ष से स्कोर में अयान खान इस जीत पर जिला क्रिकेट संघ की ओर से श्रीमान अध्यक्ष महोदय जी सुशील कोठारी, सचिव योगेश बागड़े आरसीए के समिति की ओर से सहायक कोच जोई थॉमस आनंद देवांगन (अर्जुनी वाले) अंतु कराडे पूर्व सरपंच अमलीडीह शोभा चोपड़ा, समस्त जानकारी आरसीए के हेड कोच संदीप शुक्ले ने दी।

## आज 11 नामांकन हुए प्राप्त एवं 210 अभ्यर्थियों ने लिया नाम निर्देशन पत्र

**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** लोकसभा निर्वाचन 2024 अंतर्गत संसदीय निर्वाचन क्षेत्र 6-राजनांदगांव के लिए आज 3 अप्रैल 2024 को



जिला कार्यालय में कुल 11 नामांकन प्राप्त किए गए और कुल 210 अभ्यर्थियों ने जिला कार्यालय पहुंचकर नाम निर्देशन पत्र लिया। अब तक कुल 19 नामांकन प्राप्त हुए है और कुल 241 नाम निर्देशन पत्र लिए गए हैं। जिला निर्वाचन कार्यालय से प्राप्त जानकारी अनुसार आज शक्ति सेना (भारत देश) के अभ्यर्थी श्री नारद प्रसाद निषाद ने 4 नामांकन तथा बहुजन मुक्ति पार्टी के अभ्यर्थी श्री बसन्त कुमार मेश्राम, हमर राज पार्टी के अभ्यर्थी ललिता कंवर, न्यायधर्म सभा के अभ्यर्थी श्री रामफल पाटिल एवं निर्दलीय अभ्यर्थी श्री भुवन साहू, श्री महेन्द्र कुमार साहू, श्री रेखचंद मण्डले, श्रीमती त्रिवेणी पडोती ने 1-1 नामांकन जमा किया।

## गायत्री विद्यापीठ का नेशनल योगासन चैंपियनशीप में शानदार प्रदर्शन

**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** जिले की प्रतिष्ठित शाला गायत्री विद्यापीठ द्वारा चौथा नेशनल योगासन स्पोर्ट्स चैंपियनशीप में शानदार



प्रदर्शन रहा। उक्त आयोजन सीनियर सेकेण्डरी स्कूल भिलाई सेक्टर-6 में दिनांक 28 से 30 मार्च तक आयोजित किया गया। जिसमें विभिन्न स्कूलों के मध्य आयोजित स्पर्धा में गायत्री विद्यापीठ का शानदार प्रदर्शन रहा। जिसमें विद्यालय की छात्रा तान्या शर्मा, आंसी सिंह, रिषिता गुप्ता, देविका शेण्डे, वैष्णवी रंगारी, अंतोरा मैती, वेन्या मरकाम, छात्र रूद्र कुमार किरर एवं इशान साहू द्वारा शानदार प्रदर्शन किया गया। बच्चों को आयोजन समिति द्वारा सर्टिफिकेट देकर सम्मानित किया गया। शाला की योग शिक्षिका श्रीमती भारती साहू एवं खेल शिक्षिका अंजली यादव का विशेष मार्गदर्शन बच्चों को मिला। इस उपलब्धि पर शाला के एकेडमिक को-आर्डिनेटर श्री अमित उत्तलवार, उपप्राचार्य श्रीमती रश्मि ठाकुर एवं गायत्री शिक्षण समिति अध्यक्ष बृजकिशोर सुरजन, उपाध्यक्ष श्री राजेश जैन, श्रीमती संध्यादेवी सिंघल, सचिव श्री गगन लड्ढा, सह-सचिव श्री निकुंज सिंघल, कोषाध्यक्ष श्री सूर्यकांत चितलांग्या, संरक्षक श्री नंदकिशोर सुरजन, सांस्कृतिक प्रभारी श्री हरीश गांधी, श्रीमती रूपाली गांधी, प्रशासक श्री अनिल बाजपेयी एवं समस्त शिक्षक-शिक्षिकाओं द्वारा शुभकामनाएं दी गई।

# नर्सिंग महाविद्यालय के युवा छात्रों ने शत प्रतिशत मतदान करने लिया संकल्प

**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री संजय अग्रवाल के मार्गदर्शन में लोकसभा निर्वाचन 2024 में मतदाताओं को मतदान के लिए प्रेरित करने विभिन्न कार्यक्रमों एवं प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जा रहा है। जिला पंचायत सीईओ एवं नोडल अधिकारी स्वीप सुश्री सुरूचि सिंह के निर्देश पर जिले में स्वीप अंतर्गत मतदाता जागरूकता के लिए व्यापक तौर पर कार्य किए जा रहे हैं। इसी कड़ी में आज शासकीय नर्सिंग महाविद्यालय राजनांदगांव में मतदाता जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। शासकीय नर्सिंग महाविद्यालय राजनांदगांव में एमएससी और बीएससी नर्सिंग की युवा छात्रों द्वारा 26 अप्रैल 2024 को जिले



में होने वाली लोकसभा निर्वाचन में सहभागिता निभाने के लिए संकल्प लिया गया। स्वीप कार्यक्रम में नर्सिंग महाविद्यालय के शिक्षक, विद्यार्थी एवं महाविद्यालय के स्टाफ उपस्थित थे। शासकीय नर्सिंग महाविद्यालय राजनांदगांव में प्राचार्य श्रीमती ममता नायक ने लोकतंत्र को और अधिक मजबूत बनाने भयमुक्त एवं बिना किसी लालच के अपने मताधिकार का उपयोग करने कहा। उन्होंने जिले में शत प्रतिशत मतदान करने के लिए नर्सिंग महाविद्यालय के शिक्षक, छात्रों एवं स्टाफ को मतदाता शपथ दिलाई। नर्सिंग महाविद्यालय की स्वीप नोडल अधिकारी श्रीमती बसंती चक्रवर्ती द्वारा 26 अप्रैल को शत प्रतिशत मतदान करने के लिए युवा छात्रों को जागरूक किया गया। उन्होंने लोकतंत्र में मतदान के महत्व के संबंध में विस्तार से जानकारी दी।

# हीट वेव से रखे सावधानी, अधिक मात्रा में पानी पियें

**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** हीट वेव जिसे सामान्य भाषा में लू चलना कहा जाता है। जब वातावरण का तापमान 40 डिग्री सेल्सियस या 104 डिग्री फॉरेन्हाइट से ज्यादा हो तो हीट वेव की स्थिति उत्पन्न होती है। इसका असर बच्चों, बुजुर्गों एवं कोमार्बिड लोगों में सर्वाधिक होता है। हमारे शरीर के टेम्परेचर रेग्यूलेशन (तापमान नियंत्रण) मस्तिष्क के हाईपोथलेमस भाग से होता है। जब वातावरण का तापमान 40 डिग्री सेल्सियस या 104 डिग्री फॉरेन्हाइट से अधिक हो जाता है। तब टेम्परेचर रेग्यूलेशन तंत्र प्रभावित होता है। परिणाम स्वरूप तब हीट स्ट्रोक की स्थिति उत्पन्न होती है।

**लक्षण** - सिर में भारीपन और दर्द का अनुभव होना, तेज बुखार के साथ मुंह का सूखना, चक्कर और उल्टी आना, कमजोरी के साथ शरीर में दर्द होना, अधिक प्यास लगना और पेशाब कम आना, भूख कम लगना, बेहोश होना ।

**लू से बचाव के उपाय**- स्वास्थ्य विभाग द्वारा लू से बचाव के लिए उपाय दिया गया है। बहुत अनिवार्य न हो तो घर से बाहर न जाए, धूप में निकलने से पहले सर व कानों को कपड़े से अच्छी तरह से बांध लें, पानी अधिक मात्रा में पीयें, मौसमी फल जैसे तरबूज, ककड़ी, छाछ, लस्सी समय-समय पर लेते रहे, गर्मी के दौरान नरम, मुलायम सूती के कपड़े पहनने चाहिए, जिससे कि हवा और कपड़े पसीने को सोखते रहें, अधिक पसीना आने की स्थिति में ओआरएस घोल पीये।

# चिरचारीकला माध्यमिक शाला के बच्चों ने अपने अभिभावकों से मतदान का संकल्प पत्र भरवाया

**डोंगरगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** शासकीय स्कूल में पढ़ने वाले चिरचारीकला माध्यमिक शाला के बच्चों ने अपने अभिभावकों से मतदान करने के लिए संकल्प पत्र भरवाया गया।बाकायदा उनका हस्ताक्षर कराने के बाद विद्यालय में जमा किया। निर्वाचन आयोग ने इस बार मतदाताओं को जागरूक करने के लिए नई व्यवस्था शुरू की है। बच्चों को दिए जाने वाले संकल्प पत्र में अभिभावक का नाम, पता, मोबाइल नंबर होगा।मजबूत लोकतंत्र की स्थापना को लेकर निर्वाचन आयोग प्रति दिन मतदाता जागरूकता अभियान चला रहा है। इसी तारतम्य में शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला चिरचारीकला के द्वारा विगत माह 23.03.2023



को विद्यालय के द्वारा रैली, नुक्कड़ सभा समेत तमाम माध्यमों से लोगों को जागरूक करने का काम किया गया। जिले में 26 अप्रैल 2024 को मतदान है। इस बार निर्वाचन आयोग की तरफसे शत प्रतिशत मतदान के लिए प्रेरित किया जा रहा है। मतदाता जागरूकता को लेकर निर्वाचन आयोग ने विद्यालयों के बच्चों को माध्यम बनाया है। संस्था के प्रधान पाठक हेमंत सलामे,सुरेश शुक्ला,सविता सलामे,संतोष निर्मलकर व देवेंद्र साहू के द्वारा शासन व प्रशासन के निर्देशानुसार संकल्प प्रपत्र विद्यालय के बच्चों को कक्षा में लिखवाकर अपने अपने पापा व मम्मी से मतदान के लिए अपील करेंगे था हस्ताक्षर युक्त संकल्प पत्र जमा करवाया गया।इसी तारतम्य में आज का कार्यक्रम किया गया।

## धर्म समाचार....

# बैसाखी पर दुर्लभ शोभन योग का हो रहा है निर्माण, प्राप्त होगा अक्षय फल






यह पर्व देश के सभी हिस्सों में अलग-अलग नामों से मनाया जाता है। खासकर उत्तर भारत में बैसाखी का पर्व धूमधाम से मनाया जाता है। धार्मिक मान्यता है कि रबी फसल तैयार होने के उपलक्ष्य पर बैसाखी मनाया जाता है। इसमें तैयार फसल को सबसे पहले अग्नि देव को अर्पित किया जाता है। इसके बाद भोजन पकाकर ग्रहण किया जाता है। ज्योतिषीय गणना के अनुसार 13 अप्रैल को आत्मा के कारक सूर्य देव मीन राशि से निकलकर मेष राशि में गोचर करेंगे। सूर्य देव के राशि परिवर्तन के साथ ही खरमास समाप्त हो जाएगा। अतः 13 अप्रैल को मेष संक्रांति मनाई जाएगी। इस दिन खुशियों का त्योहार बैसाखी भी मनाया जाएगा। इसे कृषि पर्व भी कहा जाता है। यह पर्व देश के सभी हिस्सों में अलग-अलग नामों से मनाया जाता है। खासकर, उत्तर भारत में बैसाखी का पर्व धूमधाम से मनाया जाता है। धार्मिक मान्यता है कि रबी फसल तैयार होने के उपलक्ष्य पर बैसाखी मनाया जाता है। इसमें तैयार फसल को सबसे पहले अग्नि देव को अर्पित किया जाता है। इसके बाद भोजन पकाकर ग्रहण किया जाता है। ज्योतिषियों की मानें तो बैसाखी पर दुर्लभ शोभन योग का निर्माण हो रहा है। आइए, शुभ मुहूर्त एवं योग के बारे में सबकुछ जानते हैं-

**शुभ मुहूर्त एवं योग**- बैसाखी के दिन पंचमी तिथि दोपहर 12 बजकर 04 मिनट तक है। इसके बाद चैत्र माह के शुक्ल पक्ष की षष्ठी तिथि है। इस दिन नक्षत्र मृगशिरा है। वहीं, बैसाखी पर दुर्लभ शोभन योग का निर्माण हो रहा है। इस योग का निर्माण 14 अप्रैल की रात 12 बजकर 34 मिनट (अंग्रेजी कैलेंडर के अनुसार) तक है। जबकि, रवि योग का निर्माण सुबह 05 बजकर 57 मिनट से लेकर संध्याकाल 09 बजकर 15 मिनट तक है।

**सूर्योदय और सूर्यास्त का समय**

सूर्योदय - सुबह 05 बजकर 57 मिनट पर

**सूर्यास्त** - शाम 06 बजकर 46 मिनट पर

चन्द्रोदय- सुबह 09 बजकर 11 मिनट पर

चंद्रास्त- देर रात 12 बजकर 03 मिनट पर

**पंचांग**

ब्रह्म मुहूर्त - सुबह 04 बजकर 28 मिनट से 05 बजकर 13 मिनट तक

विजय मुहूर्त - दोपहर 02 बजकर 30 मिनट से 03 बजकर 21 मिनट तक

गोधूलि मुहूर्त - शाम 06 बजकर 45 मिनट से 07 बजकर 07 मिनट तक

निशिता मुहूर्त - रात्रि 11 बजकर 59 मिनट से 12 बजकर 44 मिनट तक

**अशुभ समय**

राहुकाल - दोपहर 09 बजकर 10 मिनट से 10 बजकर 46 मिनट तक

गुलिक काल - सुबह 05 बजकर 57 मिनट से 07 बजकर 34 मिनट तक

दिशा शूल - पूर्व

## एकादशी पर शुभ संयोग:5 अप्रैल को चार शुभ योग में होगा एकादशी व्रत, इस दिन पूजा और स्नान-दान से बढ़ता है पुण्य



5 अप्रैल को चैत्र महीने की एकादशी का व्रत किया जाएगा। इस दिन तिथि, वार, नक्षत्र और ग्रहों से मिलकर चार शुभ योग बन रहे हैं। इस संयोग में व्रत और दान करने से मिलने वाला पुण्य अक्षय हो जाएगा। भगवान शिव ने महर्षि नारद को उपदेश देते हुए कहा कि एकादशी महान पुण्य देने वाला व्रत है। श्रेष्ठ मुनियों को भी इसका अनुष्ठान करना चाहिए। पुराणों में इस एकादशी को पापमोचिनी एकादशी भी कहा गया है। इस दिन भगवान विष्णु और लक्ष्मी जी की पूजा करने से जाने-अनजाने में हुए हर तरह के पाप और दोष खत्म होते हैं। पुरी के ज्योतिषाचार्य डॉ. गणेश मिश्र बताते हैं कि शुक्रवार, 5 अप्रैल के ग्रह-नक्षत्रों से साध्य, शुभ नाम के योग बन रहे हैं। जिनके स्वामी सावित्री और लक्ष्मी हैं। वहीं, प्रजापति नाम का योग भी बन रहा है। इनके साथ सूर्योदय के वक्त गजकेसरी और पारिजात नाम के योग भी रहेंगे। सितारों की इस शुभ स्थिति में किया गया दान और व्रत अक्षय पुण्य देने वाला रहेगा।

**भगवान विष्णु, लक्ष्मी की पूजा**- एकादशी पर भगवान विष्णु और लक्ष्मी जी की पूजा करने का विधान ग्रंथों में मिलता है। इस तिथि पर सूर्योदय से पहले उठकर पानी में गंगाजल, तिल और आंवला डालकर नहाते हैं। इसके बाद उगते सूरज को अर्घ्य देकर दिनभर एकादशी व्रत रखने का संकल्प करते हैं। तुलसी और पीपल के पेड़ में जल चढ़ाकर दीपक लगाते है। शंख में पानी और दूध मिलाकर भगवान विष्णु-लक्ष्मी का अभिषेक और पूजा करनी चाहिए। इसके बाद सत्यनारयण व्रत कथा करवाई जाती है।

**व्रत में क्या खा सकते हैं और क्या नहीं**- इस व्रत में एक समय फलाहारी भोजन ही किया जाता है। व्रत करने वाले को किसी भी तरह का अनाज सामान्य नमक, लाल मिर्च और अन्य मसाले नहीं खाने चाहिए। कुटू और सिंघाड़े का आटा, रामदाना, खोए से बनी मिठाई, दूध-दही और फलों का प्रयोग इस व्रत में किया जाता है और दान भी इन्हीं वस्तुओं का किया जाता है। एकादशी का व्रत करने के बाद दूसरे दिन द्वादशी को किसी इंसान के पेटभर आटा, दाल, नमक, घी और कुछ पैसे रखकर दान करने का विधान है।

क्रिकेट, हॉकी, जिम सहित सभी सामग्री उपलब्ध...
खेल सामग्री का विशाल संग्रह... ट्रेक सूट एवं स्पोर्ट्स टी शर्ट की विभिन्न वैरायटियां उपलब्ध...
स्वाती स्पोर्ट्स
स्टेडियम परिसर, कलेक्टोरेट के सामने, राजनांदगांव
बैट, बॉल, स्टम्प, हैड ग्लोब्स, हॉकी, बैडमिंटन, टेबल टेनिस, फुटबॉल, वॉलीबॉल, थ्रो-बॉल, नेकर, क्रिकेट पैड, जूता सहित अन्य सामग्री उपलब्ध...
चिल्हर एवं थोक विक्रेता...
मो. 88393-71971, 80856-07480

# संविधान और लोकतंत्र की रक्षा के लिए केंद्र में बदलनी होगी सरकार - भूपेश बघेल



**जोधरा ( नांदगांव टाइम्स )। पिछले** 10 वर्षों से केंद्र में बैठी हुई भाजपा सरकार से अब देश के लोकतंत्र को खतरा हो गया है जो संविधान हमारे लिए पूज्नीय रहा है जो भारत में लोकतंत्र की रीढ़ रही है केंद्र में बैठी भाजपा की सरकार ने संविधान को ही बदल देने की बात कहती है। 2024 में होने वाला लोकसभा चुनाव सिर्फ अपना सांसद ही चुनने का चुनाव नहीं है अपितु अपनी व्यक्तिगत विचार, अभिव्यक्ति की आजादी, मौलिक अधिकारों की रक्षा के साथ ही देश के लोकतंत्र को जीवित रखने के लिए चुनाव हो रहा है । उक्ताशय के विचार पूर्व मुख्यमंत्री व राजनांदगांव लोकसभा प्रत्याशी भूपेश बघेल ने खुज्जी विधानसभा के ग्राम पांगरीकला उमरवाही, गोड़लवाही, जोंधरा, आयबांधा, बीरूटोला, मरकाकसा, बड़गांव बरबसपुर, संबलपुर आदि ग्रामों में जनसंपर्क के दौरान आयोजित कार्यक्रम में व्यक्त किये। उन्होंने कहा कि देश इस समय कठिन दौर से गुजर रहा है विपक्षी पार्टियों को भाजपा की सरकार ई.डी. सी.बी.आई. का सहारा लेकर फंसाने की साजिश रची जा रही है। देश की सबसे बड़ी विपक्षी पार्टी कांग्रेस पार्टी के खाते को ही सील कर दिया गया है ताकि वह चुनाव में खर्च ही ना कर सके । विपक्षी पार्टी के नेताओं को तोड़ा जा रहा है उन्हें भाजपा में शामिल किया जा रहा है । पहले तो भाजपा विपक्षी पार्टी के नेताओं को भ्रष्टाचारी बताकर उस पर ई.डी. सी.बी.आई. के कार्यवाही का डर दिखती है फिर उन नेताओं द्वारा भाजपा प्रवेश करने पर किसी तरह की कार्यवाही नहीं की जाती है । मतलब वह बेदाग हो जाते हैं। उन्होंने कहा की आज हर मतदाता को समझना होगा कि उनका मत अमूल्य है क्योंकि लोकतंत्र में अंतिम शक्ति जनता के हाथ में हैं ।

राशन में कटौती – उन्होंने छत्तीसगढ़ की विष्णुदेव सायव सरकार द्वारा राशन में किए गए कटौती का भी जिक्र किया कि किस तरह कांग्रेस की सरकार प्रति व्यक्ति 7 किलो चावल प्रदान कर रही थी एवं गरीब अमीर सभी को 35 किलो चावल दे रही थी पर विष्णुदेव साय की सरकार ने चावल में भी कटौती कर दी है । पुरानी सभी योजनाएं बंद – भूपेश बघेल ने बताया कि किस तरह कांग्रेस के शासन में ग्राम की महिला समूहों को गौठान में गोबर खरीदी, वर्मी कंपोस्ट बनाकर अतिरिक्त आमदनी कमाने का जरिया दिया गया था । राजीव मितान योजना, भूमिहीन किसानों को प्रतिमाह दिया जाने वाला 7000 की राशि भी बंद कर दी गई है । उन्होंने मतदाताओं से अपील की कि वह इस बार कांग्रेस को दिल्ली में सरकार बनाने का मौका दें हमारी सरकार मनरेगा में काम करने वाले प्रति मजदूरों को प्रतिदिन 400 रूपये के हिसाब से भुगतान करेगी साथ ही महतारी न्याय योजना के तहत प्रत्येक महिला को वर्ष भर में 100000 (एक लाख) की राशि प्रदान करेगी। भोलाराम ने रखे विचार – खुज्जी विधानसभा के विधायक भोलाराम साहू ने भी उपस्थित जनसमुदायों को संबोधित करते हुए कहा कि यह क्षेत्र कांग्रेस की विचारधारा से ओत-प्रोत है। उन्होने कहा कि कांग्रेस ही एक ऐसी पार्टी है जिसके बैनर के नीचे देश की आजादी की लड़ाई लड़ी गई । हम सब सौभाग्यशाली हैं जो आज इस पार्टी में रहकर लोगों की सेवा करने का मौका मिला है । उन्होंने मतदाताओं से अह्वान किया कि वह महात्मा गांधी चंद्रशेखर आजाद, जवाहरलाल नेहरू, इंदिरा गांधी, भगत सिंह जैसे महान लोगों की विचारधारा पर चलने वाली पार्टी कांग्रेस को ही अपना बहुमूल्य मत दे । टाइगर रहे उपस्थित – खुज्जी विधानसभा के टाइगर कहे जाने वाले घोघरे निवासी पूर्व विधायक प्रकाश यादव भूपेश बघेल के मतदाता जनसंपर्क अभियान में साथ-साथ रहे उनके अतिरिक्त पूर्व विधायक छन्नी साहू, जिला ग्रामीण कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष भागवत साहू, सीमा यादव, तरुण सिन्हा, कुमर्दा ब्लॉक अध्यक्ष अब्दुल खान, कान्ति भंडारी, उर्मिला साहू, अंजलि धावडे सरपंच, शरद चंद्राकर, नरेश शुक्ला, राजकुमारी सिन्हा भी साथ-साथ रहे । भाजपाइयों ने किया कांग्रेस प्रवेश – ग्राम पांगरी में सरपंच अंजलि धावडे के नेतृत्व में 25 ग्रामीण भाजपा कार्यकर्ताओं ने कांग्रेस में प्रवेश किया जिन्हें पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कांग्रेस का गमछा पहनकर स्वागत किया ।



# राजा खुज्जी का मशहूर लंगड़ा आम



**डोंगरगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** राजनांदगांव जिले के डोंगरगांव ब्लॉक का आश्रित ग्राम, शिवनाथ नदी के तट पर बसा खुज्जी देश में आजादी के पहले से ही चर्चित रहा है। अंग्रेजों के जमाने में खुज्जी एक जमींदारी हुआ करती थी। खास बात यह है कि छत्तीसगढ़ राज्य में यह एकमात्र मुस्लिम जमींदारी थी। तत्कालीन समय में खुज्जी के नवाबों के पास लगभग 32 ग्राम थे, जहां से ये कर वसूला करते थे और प्रशासन चलाने में सहयोग प्रदान किया करते थे। छत्तीसगढ़ के सबसे छोटी जमींदारी, खुज्जी जमींदारी के एक प्रकृतिप्रेमी नवाब मोहिनुद्दीन ने खुज्जी जमींदारी के खाली जमीनों पर अमरूद और आम के बगीचे लगवाए। इन्हीं में से शिवनाथ नदी के किनारे बना लंगड़ा आम का बगीचा। बताया जाता है कि पहले दो हजार के आसपास आम के पेड़ थे। वर्तमान में चार सौ करीब लंगड़े आम के पेड़ बच गए हैं। आज भी बड़ी दूर से इन पेड़ों पर लगे आम के बौर और फले आम को नदी के इस किनारे से बखूबी देखा जा सकता है, जबकि शिवनाथ नदी की चौड़ाई कुछ ज्यादा ही है। देश भर में आम की 1500 किस्में होती हैं। इन्हीं में से एक बनारसी लंगड़ा आम है। नाम से ही स्पष्ट है कि बनारसी लंगड़ा आम की उत्पत्ति आज से 250 से 300 वर्ष पूर्व बनारस के एक शिव मंदिर से हुई है। किंवदंती है कि एक संत जो काशी गए थे, अपने साथ एक विशेष आम का बीज ले गए और उसे उस शिव मंदिर में लगाया जहां वे निवास कर रहे थे। पौधा तेजी से बड़ा हुआ और सबसे मीठे आम पैदा करने लगा। चूंकि मंदिर का पुजारी दिव्यांग था, इसलिए लोगों ने उस रसीले आम को लंगड़ा आम कहने लगे। जाते समय उस संत ने उस मंदिर के पुजारी को कहा कि किसी भी व्यक्ति को आम का बीज न दे। पुजारी ऐसा ही करता रहा। लेकिन काशी नरेश ने जोर दिया तो उस मंदिर के पुजारी ने एक बीज काशी नरेश को महल में लगाने के लिए दे दिया। उसके बाद से यह लंगड़ा आम देश भर में फैला और वहीं से यह प्रजाति खुज्जी जमींदारी में आयी।

आज लंगड़ा आम उत्तर प्रदेश, हरियाणा, हिमाचल प्रदेश, बिहार, राजस्थान, गुजरात, पश्चिम बंगाल, छत्तीसगढ़ और मध्य प्रदेश में भी पैदा होता है। लंगड़ा आम खाने के लिए सामान्यत: मई से अगस्त तक उपलब्ध होता है। इसका आकार मध्यम से बड़े तक होता है। गुदा रेशा रहित, पीले-भूरे रंग का और पकने पर तेज गंध वाला होता है। अन्य किस्म के आमों की तुलना में यह मीठा और मुलायम होता है। बीज का आकार छोटा एवं अंडाकार होता है। यह आम पकने पर भी अपना हरा रंग बनाए रखता है, जबकि दूसरे आम पीले हो जाते हैं। लंगड़ा आम की ऊपरी परत काफी पतली होती है और इसमें हल्के रंध्र पाए जाते हैं, जिसमें सफेदपन होता है, जिसके चलते इसे दूधिया लंगड़ा आम भी कहा जाता है। आज भी बनारस के कंपनी गार्डन में लंगड़े आम का मदर ट्री को सरंक्षित किया गया है। खुज्जी जमींदारी के नवाबों की रिश्तेदारी पाकिस्तान में होने के कारण खुज्जी का लंगड़ा आम पाकिस्तान में भी पहुंचा और पसंद किया जाने लगा।

# मोदी जी के अपमान का बदला छत्तीसगढ़ की जनता लेगी - विजय शर्मा

## चरणदास महंत की सर्वत्र निंदा हो रही है - अटल मंच

**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** कल राजनांदगांव में कांग्रेस की नामांकन रैली के दौरान छत्तीसगढ़ विधानसभा के पूर्व अध्यक्ष व वर्तमान में छत्तीसगढ विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष चरण दास महंत द्वारा देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के लिए अपशब्द एवं अपमानजनक टिप्पणी किये जाने पर समाज के अनेक वर्गों में आर्श्चय की लहर दौड गई वहीं भारतीय जनता पार्टी के युवा ब्राण्ड नेता उपमुख्यमंत्री एवं राजनांदगांव जिले के प्रभारी मंत्री विजय शर्मा ने भी चरण दास महंत की भाषा व टिप्पणी पर घोर आपत्ति जताते हुए इसकी घोर निंदा की है। विजय शर्मा ने कहा कि महंत को सचेत रहना चाहिए। भाजपा का एक एक कार्यकर्ता इसका जवाब देगा। भाजपा इसका पूरी ताकत से जवाब देगी। उन्होने एक्स पर की गई एक विडियो पोष्ट में कहा कि जब देश के यशस्वी प्रधानमंत्री के ऊपर ऐसी भद्दी टिप्पणियां की गई है उससे नरेंद्र मोदी जी के व्यक्तित्व में और निखार आता गया है। विजय शर्मा ने एक्स के पोष्ट में लिखा है कि मोदी जी को गोली मार देंगे,काट देंगे,अभी कह रहे है सिर फोड देंगे,कभी नीच कह रहे है। इसकी घोर निंदा करते हुए वे लिखते है कि इसका जवाब पूरी ताकत के साथ दिया जाएगा। दूसरी तरफ अटल मंच के अध्यक्ष आशीष शर्मा ने भी चरणदास महंत के ऐसे भाषण पर आर्श्चर्य व्यक्त करते हुए कहा कि महंत एक सधे हुए नेता माने जाते है और उनके देखते में महंत ने शायद पहली बार ऐसा घटिया भाषण दिया है जिससे उनकी सर्वत्र निंदा हो रही है। आशीष शर्मा ने कहा कि महंत ने अपने भाषण में यह जिक्र भी किया है कि कांग्रेस बुरे समय से गुजर रही है और शायद इस फ्रस्ट्रेशन के फलस्वरुप ही ऐसी हल्की टिप्पणी उन्होने की होगी फिर भी ऐसे गरिमामयी नेता को स्वनियंत्रण रखना चाहिये। उनसे कांग्रेस की अपेक्षा का तो पता नहीं पर जनता उनसे इस स्तर की उम्मीद नहीं करती। उल्लेखनीय है कि महंत द्वारा जो नामांकन रैली के दौरान कहा गया उसकी जनप्रतिक्रिया कांग्रेस के अनुकूल हो सकती है लेकिन अधिकांशत: लोगों के लिए यह अवांछनीय रहा क्योंकि महंतजी की छबि यहां औरों से काफी अलग है।



# 13 अप्रैल चैत्र पंचमी को श्रीगुहा निषादराज जयंती



**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्री रामचंद्र जी के परम मित्र सहपाठी एक ही गुरुकुल में शिक्षा दीक्षा ग्रहण करने वाले श्रीगुहा निषादराज जी जो की श्रृंगवेरपुर के राजा थे । इसी गुहाराज निषाद का 13 अप्रैल 2024 शनिवार को चैत्र शुक्ल पक्ष की पंचमी को जन्मदिवस पूरे भारतवर्ष में हर्षोल्लास के साथ मनाया जाता है । विशेष रूप से उत्तर प्रदेश एवं बिहार में बहुत ही भव्य रूप में श्री गुहा निषादराज जी का जन्म दिवस मनाया जाता है । इस गुहाराज निषाद जंयती को छत्तीसगढ़ निषाद समाज में भी सभी जिला स्तर पर इसी तिथि 13 अप्रैल को मनाने निवेदन किया है । राजनांदगांव मीडिया प्रभारी चैनकुमार सोनवानी निषाद ने बताया कि पंडित बाबूलाल चतुर्वेदी कैलेंडर में भी तथा शासकीय कैलेंडर में भी 13 अप्रैल को श्रीगुहा निषादराज जी का जन्म दिवस बताया गया है तथा उक्त दिवस को छत्तीसगढ़ शासन द्वारा ऐच्छिक अवकाश भी घोषित किया गया है । आप सभी लोग 13 अप्रैल 2024 शनिवार को संगठित होकर एक ही स्थान पर एकत्रित होकर अपने-अपने क्षेत्र में अपने-अपने जिला में श्रीगुहा निषादराज जयंती का आयोजन कर हर्षोल्लास के साथ मनाये तथा निषाद केवट समाज के सभी परिवार के लोग अपने-अपने घरों में घरों की साफ सफाई कर रंगोली आदि बनाते हुए तथा घर के आंगन में पांच दीपक जलाते हुए घर में भी मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्री रामचंद्र जी एवं श्रीगुहा निषादराज जी का पूजा पाठ कर हर्षोल्लास के साथ श्री गुहा निषादराज जयंती मनाये।

## स्वीप कार्ययोजना के बेहतर क्रियान्वयन एवं मतदान प्रतिशत बढ़ाने बैठक आज

**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत सुश्री सुरूचि सिंह की अध्यक्षता में लोकसभा निर्वाचन 2024 के दृष्टिगत 4 अप्रैल 2024 को सुबह 11 बजे जिला पंचायत सभाकक्ष में स्वीप कार्ययोजना के बेहतर क्रियान्वयन एवं मतदान प्रतिशत बढ़ाने हेतु विभिन्न गतिविधियों के संचालन के संबंध में बैठक आयोजित की गई है। बैठक में अधिकारियों, विभिन्न संस्थाओं के प्रतिनिधियों एवं प्रमुखजनों को उपस्थित होने का आग्रह किया गया है।

# मोदी जी के नेतृत्व में देश के लिए अभी बहुत कुछ करना बाकी हैं - नीलू शर्मा





## शक्ति केंद्रों की बैठकें प्रारंभ

**राजनांदगाँव ( नांदगांव टाइम्स )।** भारतीय जनता पार्टी के उम्मीदवार संतोष पांडे का चुनाव अभियान पार्टी की रणनीति के अनुरूप आगे बढ़ रहा हैं। पहले चरण में विधानसभा स्तरीय सम्मेलन सम्पन्न हुए, मंडलों की बैठके व कोर ग्रुप तथा चुनाव प्रबंधन समिति की बैठक होने के पश्चात अब भाजपा नेता शक्ति केंद्र की ओर रुख कर रहें हैं, तथा शक्ति केंद्र स्तरीय बैठकों के लिए कार्य योजना बनाकर बैठके प्रारंभ कर चुके हैं, इसी क्रम में भाजपा प्रदेश प्रवक्ता व लोकसभा चुनाव सहसंयोजक नीलू शर्मा ने डोंगरगढ़ व खैरागढ़ विधानसभा क्षेत्र के तिलई, भंडारपुर, बलदेवपुर, उदयपुर व पिपरिया शक्ति केंद्रों की बैठकों में सिरकत की व कहा कि भारतीय जनता पार्टी मासबेस पार्टी नहीं बल्कि कैडर बेस पार्टी हैं, हम कार्यकर्ता पर आधारित दल हैं, हमारा कोई भी सामान्य सा कार्यकर्ता अपनी योग्यता, मेहनत व समर्पण के बल पर देश व पार्टी के शीर्ष पदों पर पहुच सकता प्रधानमंत्री श्री मोदी सहित पार्टी के शीर्ष नेतृत्व पर बैठे दर्जनों ऐसे नेता हैं जो सामान्य परिवार से निकलकर आज देश, प्रदेश व पार्टी का नेतृत्व कर रहे हैं। भाजपा की यही खासियत उसे देश के अन्य राजनीतिक दलों से अलग रखती हैं।

भाजपा मीडिया सेल द्वारा जारी प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार श्री शर्मा ने आगे कहा की पार्टी नेतृत्व के प्रति हमारी आस्था,पार्टी नेतृत्व का निर्णय शिरोधार्य करना हमारे कार्यकर्ताओं की विशेषता हैं। पार्टी का जो भी निर्णय हम कार्यकर्ताओं को प्राप्त होता हैं उसे पूरा करने के लिए हम सब तन, मन, धन से जुट जाते हैं, भाजपा कार्यकर्ता राष्ट्रहित को सर्वोपरि मानकर पार्टी के लिए काम करता हैं, हम किसी व्यक्ति विशेष से जुड़े लोग नहीं हैं, हम पार्टी के विचारों, सिद्धांतों को अंगीकार करने भाजपा के सदस्य बने हैं, और इस बात का हमे गर्व भी हैं। श्री शर्मा ने शक्ति केंद्रों की बैठकों में कार्यकर्ताओं का मार्गदर्शन करते हुए कहा की भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ता पार्टी की पूंजी हैं। पार्टी के समक्ष आये तमाम चुनौतियों का मुकाबला बूथों व शक्ति केंद्र के कार्यकर्ताओं को ही करना होता हैं। हम देश के लिए जीने व मरने की कसम खा कर आगे बढ़ रहें हैं। श्री शर्मा ने मोदी जी के एक दशक के कार्यकाल को देश के एतिहास का स्वर्णिम युग बताते हुए कहा की जिन विचारों व सिद्धांतों को लेकर भाजपा का जन्म हुआ उसे पूरा करने का कार्य मोदी जी कर रहें हैं। कश्मीर से धारा 370 का खत्म होना, देश से तीन तलाक कानून समाप्त होना, विदेशों में बसे हिन्दुओ, सिक्खों, बौद्धों, ईसाइयों को भारत की नागरिकता देना, राम मंदिर का निर्माण होना कुछ ऐसी घटनाएं है जो पार्टी की सोच को स्पष्ट करती हैं। अभी देश के लिए आगे और बहुत कुछ करना बचा हैं। इसके लिए आवश्यक है हम सब मिलकर मोदी जी को 2024 का जनादेश प्रदान करें। अबकी 400 क्ब पार के लिए कमर कस कर जुट जाएं। इस दौरान कोमल जंघेल, विक्रांत सिंह, घम्मन साहू, टी. के. चंदेल, राजेश श्यामकर, जागेश्वर साहू, नरोत्तम सिन्हा, खुमन देशलहेरा, महेश यादव, परदेशी सोनबोईर, ललित चोपड़ा सहित अनेक नेता व कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## भाजपा की नामांकन रैली शिवनाथ वाटिका से निकलेगी

**मुख्यमंत्री सहित पार्टी के दिग्गज नेता होंगे शामिल**

**राजनांदगाँव ( नांदगांव टाइम्स )।** भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी संतोष पांडे कल 04 अप्रैल को सुबह 11 बजे हजारों-हजार भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ नामांकन दाखिल करेंगे। इस दौरान भाजपा प्रदेश प्रभारी नितिन नबीन, प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय, उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा व अरुण साव, प्रदेश भाजपा अध्यक्ष किरण सिंहदेव, लोकसभा कलस्टर प्रभारी राजेश मुणत, नारायण चंदेल, प्रदेश मीडिया प्रभारी अमित चिमनानी सहित पार्टी के अनेक दिग्गज नेता, मंत्रिमंडल के सदस्य व विधायकगण उपस्थित रहेंगे। भाजपा मीडिया सेल द्वारा जारी प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार नामांकन रैली के पूर्व लखोली नाका चौक के समीप शिवनाथ वाटिका में सुबह 10:30 बजे एक बड़ी सभा आयोजित की गई हैं जिसमे उपरोक्त तमाम नेताओं का मार्गदर्शन होगा। सभा के पश्चात विशाल रैली निकाली जाएगी जो शिवनाथ वाटिका (लखोली नाका चौक) से प्रारंभ होकर पुराना गंज चौक, तिरंगा चौक, भारत माता चौक, आजाद चौक, सिनेमा लाइन से मानव मंदिर चौक होते हुए पुराना अस्पताल के समीप गुरुद्वारा चौक पहुचकर समाप्त होगी। रैली व सभा के लिए संसदीय क्षेत्र मे व्यापक तैयारियां की गई है। प्रत्येक मंडलों व शक्ति केंद्रों से कार्यकर्ता स्वयं के साधन से आवे इस तरह की रणनीति पर काम किया गया है। रैली की सम्पूर्ण व्यवस्थाओं को अंतिम रूप दिया जा चुका हैं। भीषण गर्मी को देखते हुए सभा स्थल एवं रैली के मार्ग मे पेयजल की विशेष व्यवस्था की गई हैं, आयोजन को सफल करने कार्यकर्ताओं को आवश्यक जिम्मेदारी दी जा चुकी हैं तथा नेताओं ने मण्डल स्तर पर बैठके लेकर तैयारियों को अंतिम रूप दे दिया हैं। भाजपा राजनांदगाँव जिलाध्यक्ष रमेश पटेल, मोहला-मानपुर-चौकी जिलाध्यक्ष मदन साहू, खैरागढ़-छुईखदान-गंडई जिलाध्यक्ष घम्मन साहू व कवर्धा जिलाध्यक्ष अशोक साहू ने अपने -अपने जिले के सभी कार्यकर्ताओं से अपील की है कि नामांकन रैली एवं सभा में अधिकाधिक कार्यकर्ता उपस्थित हो।

प्रकाशक, सम्पादक व मुद्रक अशोक कुमार पाण्डे द्वारा आसमा पब्लिसर्श इंडिया (प्रा.) लिमिटेड रायपुर से मुद्रित व गंजचौक राजनांदगांव से प्रकाशित, सम्पादक- अशोक कुमार पाण्डे, प्रबंध सम्पादक- श्रीमती कल्पना पाण्डे । मोः 94252-43311 Email: nandgaontimes@gmail.com